राज्य विधि अधिकारीके घर में घुसकर मारपीट, तमंचा दिखाकर धमकी

ठेकेदारपर रुपये लेनेके बाद निर्माणमें लापरवाहीका आरोप, मुकदमा

धूमनगंज थाना क्षेत्र में राज्य विधि अधिकारी के घर में घुसकर मारपीट और तमंचा तानकर धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार विकास कुशवाहा और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घूमनगंज थाना क्षेत्र निवासी एक राज्यविधि अधिकारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मकान निर्माण का ठेका विकास कुशवाहा को दिया था। तीन माह में मकान बनाकर देने की बात तय हुई थी। इसके लिए करीब २.५४ लाख रुपये ठेकेदार को दे दिए गए। आरोप है कि इसके बावजूद निर्माण कार्य में लापरवाही और टालमटोल की गई। करीब ४५ बोरी सीमेंट और डेढ़ से दो कुंतल सरिया गायब होने से आर्थिक नुकसान होने का भी आरोप लगाया गया है। निर्माण कार्य का हिसाब करने पर २३,६०० रुपये ठेकेदार की ओर निकल रहे थे। इसके बावजूद वह उल्टा बकाया रकम मांगता रहा और फोन पर धमकाकर पेशे से हटवाने की धमकी देता था। आरोप है कि चार अक्टूबर की रात करीब साढ़े आठ बजे विकास कुशवाहा दो अज्ञात लोगों के साथ घर पहुंचा और दरवाजा पीटने लगा। बाहर आने पर वह नशे में था। सुबह आने की बात कहने पर आरोपित जबरन घर में घुस गए और गाली-गलौज करने लगे। विकास ने कमर से तमंचा निकालकर धमकाया। विरोध करने पर तीनों ने लात-घूंसों से मारपीट की। इससे पीड़ित जमीन पर गिर गए और कमर व रीढ़ में चोट लग गयी। शोर सुनकर पीड़ित की बेटियां बचाने पहुंचीं। आरोप है कि इस दौरान विकास उनकी बेटी से अभद्रता की और जान से मारने की धमकी देते हुए साथियों के साथ भाग गया।

ई-रिक्शा खड़ा करनेको लेकर युवकसे मारपीट

कीडगंज थाना क्षेत्र के गढ़िया नई बस्ती में घर के सामने ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि मोहल्ले का ही रोहित यादव वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा।

विरोध करने पर उसने रामजी पटेल के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोपित ने जान से मारने की धमकी भी दी। रामजी पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के सामने ई-रिक्शा खड़ा किए थे। इसी दौरान रोहित यादव पुत्र कल्लू यादव वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। गाली देने का कारण पूछने पर मारपीट शुरू कर दी। कीडगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

नवनिर्मित ईवीएम वेयर हाउसमें कार्य शुरू, मोबाइल प्रतिबंधित

डीएम ने किया निरीक्षण, ईवीएम एफएलसी कार्य आयोगके अनुरूप करानेका निर्देश



भगवतपुर स्थित नवनिर्मित ईवीएम वेयर हाउस में कार्य शुरू हो गया है। बिना पहचान पत्र के अंदर प्रवेश एवं मोबाइल ले जाना पूर्णरूप से प्रतिबंधित है। नवनिर्मित ईवीएम वेयर हाउस का गुरुवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन २०२७ के प्रयोगार्थ जनपद से बैलेट यूनिट ७०९६, कन्ट्रोल यूनिट ७०९६ एवं वीवीपैट ७०९६ एफएलसी का कार्य गुरुवार से नवनिर्मित ईवीएम वेयर हाउस में आयोग की ओर से नामित बेल इंन्जीनियरों एवं नामांकित एफएलसी सुपरवाइजर एवं ईवीएम एवं वीवीपैट नोडल अधिकारी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के सुपरवीजन में किया जा रहा है। डीएम ने आगामी निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम मशीनों की एफएलसी आयोग के मानक के अनुरूप किये जाने के निर्देश उपस्थित पुलिस सुरक्षाकर्मी एवं ईवीएम के नोडल अधिकारी एवं एफएलसी सुपरवाइजर-अपर जिलाधिकारी नाआ. को कार्य कराने के निर्देश दिये। डीएम ने एफएलसी कार्यकम के दौरान जिले के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थित रहने के लिए कहा। ईवीएम एफएलसी के समय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से जिला महासचिव शीश अहमद, समाजवादी पार्टी से राकेश यादव प्रभारी अधिकारी मतदाता सूची यमुनापार एवं दूधनाथ पटेल पुनरीक्षण प्रभारी गंगापार मौजूद रहे।

मीटरमें सेंधमारीकर हजारों यूनिटकी लगायी जा रही चपत

बिजली विभाग ने लाइनलास वाले फीडरों को चिन्हित कर जांच अभियान तेज कर दिया है। जांच के दौरान बड़े पैमाने पर मीटर में बाईपास कर मीटर की रफ्तार की यूनिट पर रोक लगाकर मीटर में सेंधमारी करते हुए हजारों यूनिट की बिजली विभाग को चपत लगायी जा रही है। प्रवर्तन दल के साथ बिजली विभाग की टीम ने खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े इलाकों व रसूलाबाग और धूमनगंज क्षेत्र में कई घरों में बिजली चोरी के मामले पकड़ कर कारवाई किया। जांच के दौरान खुसरोबाग क्षेत्र में २४ घरों में बिजली के मीटर में सेंधमारी के मामले में पकड़े गये। रसूलाबाद में एक घर में जांच टीम ने केबिल को मीटर से पहले कटकर उसमें अतिरिक्त तार जोड़ा रहा है। मीटर बाईपास कर पांच किलोवाट से अधिक बिजली का अवैध इस्तेमाल पाया गया। वहीं न्यू मेंहदौरी कालोनी में एक ही घर में तीन परिवार के लोग एलटी लाइन में सीधे कटियामारी कर बिजली का इस्तेमाल करते पाये गये। धूमनगंज में भी जांच अभियान के दौरान तीन घरों में बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया। जिसके बाद सभी आरोपितों के खिलाफ बिजली थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। साथ ही शमन शुल्क वसूले जाने के लिए नोटिस भेजी जा रही है। इधर बिजली विभाग की सख्ती

शमन शुल्ककी भेजी जायेगी नोटिस

के बाद से दिन में कटियामारी पर पूरी तरह से रोक लग गयी है। लेकिन रात होते ही नगर के विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में बिजली की एलटी लाइन पर कटियामारी कर जगह जगह साकेट बनाकर ई-रिक्शा चार्जिंग की जाती है। ऐसी शिकायत मिलने के बाद बिजली विभाग की टीम ने प्रवर्तन दल के पुलिस बल के साथ भोर में औचक छापेमारी की काररवाई कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रत्येक विद्युत उपकेन्द्र के जुड़े इलाकों में निरंतर निगरानी की जा रही है। बिजली चोरी में लिप्त पाये गये लोगों के खिलाफ सख्त काररवाई के निर्देश दिये गये हैं।

परिवहन निगममें १६ वरिष्ठ केंद्र बने यातायात अधीक्षक

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय ने प्रशासनिक स्तर पर पदोन्नति का आदेश जारी करते हुए १६ कार्मिकों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, १६ वरिष्ठ केंद्र प्रभारियों को अस्थायी रूप से 'यातायात अधीक्षक' पद पर पदोन्नत किया गया है। परिवहन निगम मुख्यालय के अपर प्रबंध निदेशक डॉ. विपिन कुमार मिश्र के हस्ताक्षर से जारी इस कार्यालय आदेश के तहत, पदोन्नत कार्मिकों को वेतनमान ९,३००-३४,८०० एवं ग्रेड पे ४,२०० के साथ अन्य अनुमन्य देय भत्तों सहित कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से यह लाभ मिलेगा। जारी सूची के अनुसार पदोन्नति पाने वालों में कानपुर से निखिल कुमार सक्सेना, प्रयागराज से माधुरी देवी तिवारी एवं कल्पना तिवारी, लखनऊ से स्वाती बाजपेई, सुनीता अवस्थी व रेखा मिश्रा, मेरठ से गीता गुप्ता, अयोध्या से लक्ष्मी देवी सिंह, बरेली से रागिनी सक्सेना, सहारनपुर से प्रवेश कुमारी एवं पूनम देवी, अलीगढ़ से अनुराधा, प्रीति बाजपेई, रेनू सिंह व मिथलेश तथा इटावा से शबीना बेगम शामिल हैं।

एक वर्ष की परिवीक्षा अवधिपर रहेंगे कार्मिक

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पदोन्नत सभी कार्मिक एक वर्ष की परिवीक्षा (प्रोबेशन) अवधि में रहेंगे। इस अवधि के दौरान कार्य व आचरण संतोषजनक न पाए जाने पर उन्हें पुनः उनके मूल पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है। इन कार्मिकों के विस्तृत तैनाती आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे। मुख्यालय ने संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि पदोन्नत कार्मिकों की कार्यभार ग्रहण रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

विन्ध्याचल स्टेशनपर प्रमुख ट्रेनोंका होगा अतिरिक्त ठहराव

रेल प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां विंध्यवासिनी धाम में आयोजित होने वाले क्वार (अश्विन) शारदीय नवरात्रि मेला के अवसर पर देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा हेतु २२ गाड़ियों को अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। आगामी ११ अक्तूबर से २६ अक्तूबर कुल १६ दिन तक विंध्याचल स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का २-२ मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जायेगा। विन्ध्याचल स्टेशन पर जिन ट्रेनों को दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है उनमें गाड़ी सं. १२३०७ हावड़ा-जोधपुर, गाड़ी सं. २२३०७ हावड़ा-बीकानेर, गाड़ी सं. १२३०८ जोधपुर-हावड़ा, गाड़ी सं. २२३०८ बीकानेर-हावड़ा, गाड़ी सं. १२८०१ पुरी-आनंद विहार ट., गाड़ी सं. १२८०२ आनंद विहार ट.- पुरी शामिल हैं। इसी क्रम में गाड़ी सं. १२१४१ लोकमान्य तिलक ट.-पाटलिपुत्र, गाड़ी सं. १२१४२ पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक ट.,गाड़ी सं. १२४८७ जोगबनी-आनंद विहार ट., गाड़ी सं. १२४८८ आनंद विहार ट.-जोगबनी, गाड़ी सं. १५६५७ दिल्ली-कामाख्या, गाड़ी सं. १५६५८ कामाख्या-दिल्ली, गाड़ी सं. १५९४५ लोकमान्य तिलक ट., गाड़ी सं. १५९४६ डिब्रूगढ़-लोकमान्य तिलक ट., गाड़ी सं. १५६४७ लोकमान्य तिलक ट.-गुवाहाटी, गाड़ी सं. १५६४८ गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक ट., गाड़ी सं. १२३३५ भागलपुर-लोकमान्य तिलक ट., गाड़ी सं. १२३३६ लोकमान्य तिलक ट.-भागलपुर, गाड़ी सं. १२२९५ एसएमवीबी बेंगलुरु-दानापुर, गाड़ी सं. १२२९६ दानापुर-एसएमवीबी बेंगलुरु, गाड़ी सं. १२१६७ लोकमान्य तिलक ट.-बनारस और गाड़ी सं. १२१६८ बनारस-लोकमान्य तिलक ट. को भी विन्ध्याचल स्टेशन पर दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है।

छात्रोंने जूनियर शिक्षक भर्तीकी मांगको लेकर निकाला मोमबत्ती मार्च

आज 'शिक्षा निदेशालय चलो अभियान' को सफल बनानेकी अपील



जूनियर शिक्षक भर्ती का विज्ञापन शीघ्र जारी किए जाने की मांग को लेकर आज प्रयागराज में छात्रों एवं अभ्यर्थियों द्वारा ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के मुख्य द्वार से गोविंदपुर जीशान मार्केट तक विशाल मोमबत्ती मार्च निकाला गया। मोमबत्ती मार्च के माध्यम से छात्रों ने सरकार एवं संबंधित विभाग का ध्यान प्रदेश के लाखों शिक्षित एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की ओर आकर्षित करते हुए जूनियर शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग उठाई। इस दौरान छात्रों ने कहा कि लंबे समय से जूनियर शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के भविष्य और रोजगार के सवाल को अब और लंबित नहीं किया जाना चाहिए। सरकार और प्रशासन द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासनों के बावजूद भर्ती प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट विज्ञापन जारी नहीं हुआ है, जिससे अभ्यर्थियों में निराशा एवं आक्रोश है। छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांग एक ही है-जूनियर शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाए। सरकार से किसी नए आश्वासन के बजाय अब ठोस निणर्य और भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत की अपेक्षा है। मोमबत्ती मार्च के दौरान ९ अक्टूबर को शिक्षा निदेशालय चलो अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी छात्र, अभ्यर्थी एवं युवा साथियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच ने कहा कि छात्रों की यह आवाज शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से लगातार उठाई जाती रहेगी। जब तक जूनियर शिक्षक भर्ती को लेकर स्पष्ट एवं सकारात्मक निणर्य नहीं लिया जाता, तब तक छात्रों का संघर्ष जारी रहेगा।

नमूनाके नामपर अवैध वसूलीका आरोप, व्यापारियोंमें रोष

खाद्य औषधि एवं सुरक्षा विभाग के विरुद्ध विजय गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी एकता समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन संगम सभागार मे जिलाधिकारी प्रयागराज कार्यालय में एडीएम को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि त्योहारों का मौसम शुरू हो रहा है।

इसी के साथ खाद्य, औषधि एवम् विज्ञान अनुसंधान विभाग द्वारा दुकानों पर छापा और सेम्पुलिंग का भय दिखाकर अवैध वसूली का क्रम भी होने लगता है, नकली व खराब

खाद्य औषधि एवं सुरक्षा विभागके खिलाफ सौंपा ज्ञापन

सामग्रियों की बिक्री का समर्थन नहीं करता। किन्तु उक्त विभाग के लोग दुकानदारों को भयभीत करके अवैध धन उगाही भी उचित नहीं मानता, किन्तु विभागीय लोग दुकानदारो को भयभीत करके जो धन उगाही करते हैं। प्रशासन उस तरफ आँख क्यों बन्द रखता है। विभाग द्वारा जिस भी दुकान पर छापेमारी के लिए जाएं उनके साथ व्यापारी एकता समिति का एक पदाधिकारी भी होना चाहिए। छापे की वीडियो या फोटोग्राफी हो जिससे काम में बिना किसी विरोध के पारदर्शिता बने। प्रदेश महामन्त्री प्रमिल केशरवानी ने कहा कि व्यापारियों को परेशान किया तो लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिलकर एक ज्ञापन देकर उक्त विभाग के कर्मचारियों की आय तथा उनकी सम्पत्तियों की जाँच कराने की माँग करेंगें। इस अवसर पर विजय अग्रहरि, इमरान अला, राकेश गुप्ता, विकास अग्रहरि, अमित केसरवानी, शकील अहमद, खिजीर हयात मो.जावेद आदि उपस्थित रहे।

साफ-सफाईमें गड़बड़ीपर आईईआरटी निदेशकको कारण बताओ नोटिस

मण्डलायुक्त डाक्टर लोकेश एम. ने आज अध्यक्ष, इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड रूरल टेक्नोलाजी (आईईआरटी) के रूप में संस्थान परिसर का औचक निरीक्षण करते हुए कक्षाओं एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति, तकनीकी दक्षता एवं व्यावहारिक ज्ञान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने परिसर की साफ-सफाई, भवनों, प्रयोगशालाओं एवं शौचालयों की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। कई स्थानों पर साफ-सफाई एवं रखरखाव की व्यवस्था अपेक्षित स्तर की न मिलने पर निदेशक को कारण बताओ नोटिस

मण्डलायुक्तने आईईआरटी परिसरका किया औचक निरीक्षण, विद्यार्थियोंसे किया सीधा संवाद

जारी करते हुए आवश्यक सफाई, मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिये। साथ ही आधारभूत संरचना के उन्नयन हेतु बजट अथवा आवश्यक अनुमोदन की आवश्यकता वाले कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। प्रयोगशालाओं में उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध विभिन्न उपकरणों के नाम, उपयोग एवं कार्यप्रणाली के संबंध में प्रश्न कर उनकी व्यावहारिक समझ परखी। कक्षाओं एवं व्याख्यान कक्ष में भी उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी विषयों पर संवाद कर अध्ययन के प्रति निरंतर गम्भीर रहने का संदेश दिया। मण्डलायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कौशल विकास एवं रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी तथा प्रशिक्षण एवं रोजगार के उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

आयुष्मान कार्ड बनानेमें प्रयागराज प्रदेशमें अव्वल

उत्तर प्रदेश में ७० वर्ष एवं उससे अधिक आयु के बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में जनपद प्रयागराज प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस उपलब्धि के लिए प्रयागराज जनपद को सम्मानित किया। जनपद में अब तक कुल ७६,५३८ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं जो पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में सबसे अधिक है।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने प्रयागराज के सीएमओ एके तिवारी के कुशल नेतृत्व एवं उनकी पूरी आयुष्मान भारत टीम की सराहना करते हुए आयुष्मान भारत के नोडल डा. राजेश सिंह एवं डीआईयू के डा. बीके यादव, दिव्यांश राय एवं कस्तूरी डे को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

एनएचएम संविदाकर्मियोंने किया कार्यका बहिष्कार

नियमितीकरणकी मांगको लेकर सीएमओ कार्यालयपर प्रदर्शन

संयुक्त स्वास्थ्य मिशन संघ (प्रयागराज इकाई) के बैनर तले गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदाकर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर कार्य बहिष्कार कर सीएमओ कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। डाक्टर कुद्दस आलम की अगुवाई में एकजुट हुए कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और दिनभर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्यो को ठप रखा। इस आंदोलन में जिले के सभी ब्लाकों से आए कर्मचारियों ने हिस्सा लेकर अपनी आवाज बुलंद की।प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा कि एनएचएम से जुड़े संविदाकमी टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन एवं गैर-संचारी रोग नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। डा.जयंती ने कहा कि संघटन की पहली मांग १८ वर्षों से अधिक समय से सेवा दे रहे सभी एनएचएम संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाय। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, हरियाणा एवं महाराष्ट्र में १० वर्ष से अधिक सेवा वाले कर्मियों को नियमित किया गया है। संघ के संयोजक डा. आनंद त्रिपाठी ने कहा कि मांगों को लेकर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने लखनऊ में आयोजित हड़ताल एवं विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।कार्य बहिष्कार करने वालों में डाक्टर, एनएनएम, जीएनएम एवं अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

एकल परिवारोंको जोड़कर खुशियां बांट रहा मध्यान्तर परिवार

सिविल लाइन्स स्थित होटल में मध्यांतर परिवार की बैठक हुई। बैठक में अनुराधा ने बताया कि आजकल बुजुर्ग माता-पिता, बच्चों के पढ़ाई लिखाई या नौकरी के कारण घरों में अकेले रह जाते हैं। ऐसे समय उन्हें आत्मीयता से मध्यांतर परिवार से जोड़ना और उनके दुखों को खुशी में बदलने का प्रयास किया जाता हैं। इसका उद्देश्य एकल परिवारों को जोड़ना है और उनके दुख-सुख आपस में मिलकर बांटना और मदद करना हैं। गुरुवार को हुए कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों के बीच अंताक्षरी हुयी। गाने और चुटकुले सुनाये गये और केक काटा गया। पूर्व मंडलायुक्त आर एस वर्मा ने कहा कि जीवन के रंगमंच पर मध्यांतर परिवार का साझा संकल्प है कि बाकी का जीवन और जीवन का अंत समय अच्छा हो सके। कार्यक्रम में रेखा वर्मा, अनुराधा सक्सेना, रंजना त्रिपाठी, डाक्टर उषा मिश्रा, नीलिमा, किरण, चंदना घोष, डाक्टर वी के श्रीवास्तव, विजय विशाल आदि लोग उपस्थित रहे।

एसआरएन अस्पतालके विस्तारीकरणका कार्य तेज

क्रिटिकल केयर यूनिटके सामनेकी बिल्डिंगका ध्वस्तीकरण शुरू



स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के विस्तारीकरण का कार्य तेज हो गया है। अस्पताल प्रशासन एवं राजकीय निर्माण निगम मिलकर इस योजना को धरातल पर उतारने में जुटे हैं। अस्पताल के विस्तार के लिए कुल ५० हजार वर्ग मीटर जमीन की आवश्यकता है जिसमें से १८, ७०० वर्ग मीटर जमीन का पट्टा पहले ही हो चुका है।

शेष ३१, ३०० वर्ग मीटर जमीन पर बने शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों के आवासो को पूरी तरह से खाली कराकर ध्वस्तीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। सबसे पहले १०० बेड क्रिटिकल केयर यूनिट के सामने बनी बिल्डिंग को ध्वस्त किया जा रहा है।जमीन के खाली होते ही सीएवी इंटर कालेज की जमीन को छोड़कर शेष एसआरएन अस्पताल में शामिल हो जायेगी। इससे महात्मा गांधी मार्ग से लोग सीधे अस्पताल पहुंच सकेंगे। ध्वस्तीकरण के बाद प्रस्तावित ट्रामा एल वन सेंटर का भी निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। ४९ करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले ट्रामा सेंटर के लिए शासन की तरफ से १५.५० करोड़ रूपये की पहली किस्त जारी की जा चुकी है। साथ ही उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया जा चुका है।

श्रीमद्भागवत कथाके विश्रामपर स्वच्छता मित्रोंका सम्मान

प्राचीन श्री दाधिकांदो मेला कमेटी कृष्णा नगर-त्रिवेणी रोड कीडगंज के तत्वावधान में श्री ज्ञान पुस्तकालय परिसर में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम के मौके पर देवी-देवताओं के पूजन-अर्चन एवं पूर्णाहुति हवन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। धार्मिक आयोजन के समापन पर महापौर ने नगर निगम एवं जलकल विभाग के स्वच्छता मित्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वच्छता मित्रों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके सेवाभाव, परिश्रम और समर्पण की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। होकर सहयोग करते हैं, तभी स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित प्रयागराज का संकल्प साकार हो सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने भी स्वच्छता मित्रों के सम्मान की सराहना का गयी। इस मौके पर पाठक महाराज, मुकेश लारा, किरण जायसवाल, रुद्र सेन जायसवाल, नीरज टंडन, नीरज गुप्ता, राजेश केसरवानी, रामजी केसरवानी, मनीष केसरवानी, त्रियुगी नारायण दीक्षित, अमर सिंह, विश्व केसरवानी, संस्कार सिन्हा, आदर्श सिन्हा, मनोज मिश्रा, दिलीप केसरवानी, राजू पाठक, बृजेश मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, शिवेंद्र श्रीवास्तव, खन्ना सोनकर, अजय जायसवाल सहित आयोजन समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।

कैंटमें मामूली बातमें मारपीट, चार घायल

राजापुर अंबेडकर नगर में मामूली बात को लेकर एक परिवार को बेरहमी से पीटा। मारपीट में चार लोगों के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई है। पीड़ित पक्ष ने हत्या की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। कैंट पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच नामजद और करीब एक दर्जन से अधिक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कैंट पुलिस का कहना है कि दो का चालान कर दिया गया है अन्य की तलाश की जा रही है।

कैंट थानाक्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी अनिल पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात अक्तूबर की रात करीब साढ़े १० बजे उसका छोटा भाई राबिन पाल गाय हांककर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में शान ने उसे रोक लिया और गो तस्करी के शक में धमकी दी। विरोध करने पर शान, उसके पिता चांद, रहमान, अरमार और चार-पांच अज्ञात लोगों ने राबिन को घेरकर पीटा। किसी तरह वह जान बचाकर घर पहुंचा।

पांच नामजद सहित अन्य अज्ञातपर मुकदमा, पकड़े गये दो आरोपित

अनिल का आरोप है कि घटना की जानकारी मिलने पर वह सोनू पाल और अजीत पाल के साथ शान के घर पूछताछ करने गया तो शान, चांद, रहमान, अरमार, चांद की पत्नी और करीब १०-१५ अन्य लोगों ने तीनों को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमले में चारों के सिर में चोट आई और एक के हाथ में फ्रैक्चर हो गया। अनिल का आरोप है कि चांद की पत्नी ने हत्या की धमकी दी, जबकि शान ने उसकी बहन को धमकाया। कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि गो तस्करी के शक में मारपीट की पुष्टि नहीं हुई है। गाय से टकरा जाने के विवाद में मारपीट की बात सामने आयी है। मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों का चालान कर दिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

अमेरिकामें शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे इविवि के प्रो. एआर सिद्दीकी

इविवि के भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. एआर सिद्दीकी को अमेरिका की जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ अमेरिका (जीएसए) ने जीएसए कनेक्ट्स-२०२६ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। डेनवर, कोलोराडो में ११ से १४ अक्टूबर तक होने वाली इस अंतरराष्ट्रीय तकनीकी बैठक में वह पश्चिमी राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में जल-पारिस्थितिक दशाओं और वनस्पति में हो रहे बदलाव पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। प्रो. सिद्दीकी के शोध में पश्चिमी राजस्थान के शुष्क क्षेत्र में भूमि सतह के तापमान, निर्मित क्षेत्र और वनस्पति आवरण में हुए बदलावों का विश्लेषण किया गया है। शोध में बताया गया है कि बदलती मानसूनी परिस्थितियां और नमी व्यवस्था शुष्क क्षेत्रों की कृषि और पारिस्थितिकी को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में मरुस्थलीय क्षेत्रों में कृषि एवं जल-पारिस्थितिकीय स्थिरता बनाए रखने तथा पर्यावरणीय पुनर्स्थापन की संभावनाओं को समझना जरूरी है। बढ़ती खाद्य और चारे की जरूरत के बीच यह अध्ययन भविष्य की कृषि एवं पर्यावरणीय योजना के लिए उपयोगी आधार प्रदान कर सकता है। सम्मेलन के दौरान प्रो. सिद्दीकी फोरमाइल क्रीक, माउंटेन वाटरशेड डायनेमिक्स तथा पाइक्स पीक से कैनन सिटी तक आयोजित फील्ड ट्रिप में भी शामिल होंगे।

नवरात्र मेलाके लिए चलेगी मिर्जापुर-उतरेटिया विशेष ट्रेन

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा विंध्याचल में आयोजित होने वाले शारदीय नवरात्रि मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या ०४१२९ और ०४१३० मिर्ज़ापुर-उतरेटिया-मिर्जापुर अनारक्षित मेला स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि विंध्याचल धाम ५१ शक्तिपीठों में अत्यंत पवित्र एवं जागृत पीठ माना जाता है।

नवरात्रि के नौ पावन दिनों में देश-विदेश से भक्त मां विंध्यवासिनी, मां अष्टभुजा और मां काली खोह का दर्शन-पूजन कर 'त्रिकोण परिक्रमा' पूरी करते हैं। इस दौरान पतितपावनी गंगा में स्नान, महाआरती और अखंड अनुष्ठान हेतु लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मेले की इसी विशालता और आस्था को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु रेलवे द्वारा विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

यह विशेष ट्रेन ११ अक्तूबर से २७ अक्तूबरतक कुल १६ फेरों के लिए संचालित की जायेगी। इस विशेष ट्रेन में १२ मेमू कोच होंगे। इस मेला स्पेशल ट्रेन के चलने से लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज और मिर्जापुर क्षेत्र से मां विंध्यवासिनी धाम दर्शन के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को आवागमन में सुगम और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी।

प्रतिभागियोंने गीतोंके माध्यमसे दिया स्वच्छताका संदेश



उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्पेशल कैंपेन ६.० के अंतर्गत गुरुवार को एनसीजेडसीसी प्रेक्षागृह में स्वच्छता थीम पर गायन प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

इसमें स्कूल एवं कालेज के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गीतों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में केंद्र के उपनिदेशक डाक्टर मुकेश उपाध्याय ने स्वच्छता अभियान में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने अभियान को सफल बनाने में स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की।

परिवार न्यायालयोंमें काउंसलर्सकी नियुक्तिपर रोक

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के परिवार न्यायालयों में काउंसलर्स की नियुक्ति के जारी १४ सितंबर को जारी विज्ञापन के तहत नियुक्तियां करने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि उसमें १९ मार्च २०२६ के हाई कोर्ट के आदेश के तहत नियमावली तैयार की है या नहीं। यदि नियमावली तैयार नहीं है तो मौजूदा विज्ञापन के तहत नियुक्तियां नहीं की जाएगी।

वीरेंद्र सिंह और तीन अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने याची के अधिवक्ता अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी को सुनकर दिया है।

याचिका में नई नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन को चुनौती देते हुए कहा गया है कि याचीगण २०२० में काउंसलर के पद पर इलाहाबाद और कानपुर परिवार न्यायालयों में एड हॉक पर नियुक्त किए गए थे समय समय पर उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग

हाईकोर्टने सरकार के नियम न बनाए जानेपर पूछा प्रश्न

लिया। तीन वर्ष बाद उनका कार्यकाल फिर से तीन वर्ष के लिए बढ़ाया गया। अब महानिबंधक हाई कोर्ट ने १४ सितंबर को कई जिलों के प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की विज्ञापन जारी कर नई एड हॉक नियुक्तियां करने का निर्देश दिया है। उनका कार्यकाल नहीं बढ़ाया जा रहा है। याची के अधिवक्ता का कहना था कि एड हॉक नियुक्ति को दूसरी एड हॉक नियुक्ति से नहीं बदला जा सकता है। परिवार न्यायालय एक्ट के तहत सरकार को नियुक्ति नियमावली बनानी होगी जो अब तक नहीं बनाई गई है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि नियमावली अब तक बनी है या नहीं। कोर्ट ने कहा है कि सरकार यह भी बताए कि काउंसलर्स की संख्या में कितनी वृद्धि की गई है। कोर्ट ने कहा कि याचिका लंबित रहने के दौरान कार्य प्रभावित न हो इसलिए याचीगण को काम करने दिया जाए।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।
सम्पादक:शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह
वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर: कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड
वर्ष-३१ पू.सं. (११३४५)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५
दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४
E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।